आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 23.04.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- बद्रीनाथ धाम के कपाट विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा –चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।
- उप–राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने ऋषिकेश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के 6वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की।
- और, रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं।

बद्रीनाथ

भू बैकुण्ठ धाम बद्रीनाथ के कपाट आज प्रातः 6 बजकर 15 मिनट पर विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ग्रीष्मकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा बद्रीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर देश–विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।

कपाट खुलने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए और व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई।

चमोली

भगवान बद्रीनाथ के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया। इस दौरान हजारों श्रद्धांलुओं भगवान बद्री विशाल और अखंड ज्योति के दर्शन किये। कपाट खुलने के बाद चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार सहित सभी अधिकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने भंडारा संचालित कर रही मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति के सेवा भाव और उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन तीर्थयात्रियों के लिए बड़ी राहत और प्रेरणा का कार्य करते हैं। जिलाधिकारी ने तीर्थयात्रियों से संवाद कर यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि धाम में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार के कोई असुविधा नहीं होगी।

गंगोत्री / यमुनोत्री

गत 19 अप्रैल से शुरू हुई गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने यात्रा में आ रहे श्रद्धालुओं का अनुभव सुखद और सुरक्षित बनाने के सभी इंतजाम किये हैं। वहीं, देश–विदेश से दोनों धामों की यात्रा पर आ रहे श्रद्धालु, जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से आए श्रद्धालु प्रमोद कुमार गुप्ता ने यमुनोत्री धाम के दर्शन करने बाद कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा की गई सुगम, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित व्यवस्था के कारण धाम में आ रहे श्रद्धालु सुगमता के साथ दर्शन कर रहे हैं।

उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन

उप–राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश के 6वां दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इस मौके पर एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि देश को समर्पित, सक्षम एवं नैतिक स्वास्थ्य पेशेवरों के निर्माण की दिशा में एम्स ऋषिकेश की प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि छठवें दीक्षांत समारोह में संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 386 छात्र–छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कुल 23 पदक प्रदान किए गए, जिनमें विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 13 स्वर्ण, 5 रजत एवं 5 कांस्य पदक शामिल हैं। इस दौरान प्रदेश के राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वास्थ्य एवं परिवार) अनुप्रिया पटेल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

वनाग्नि निगरानी

रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। तापमान में लगातार वृद्धि के चलते वनाग्नि की संभावनाओं को देखते हुए विभाग, अब ड्रोन और कैमरा ट्रैप की मदद से जंगल में आग लगाने वालों पर कड़ी नजर रख रहा है। उप प्रभागीय वनाधिकारी डी. एस पुंडीर ने ये जानकारी देते हुए बताया कि वन प्रभाग की सभी छह रेंजों में संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के जरिए आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग ने आम जनता से बढ़ते तापमान के मद्देनजर जंगलों के आसपास आग न लगाने और वन संपदा की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील भी की है।

दूरसंचार / बैठक

टिहरी जिले के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में जनसंचार सेवाओं को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कमजोर मोबाइल नेटवर्क और कनेक्टिविटी समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा–निर्देश दिए, ताकि आमजन को बेहतर कनेक्टिविटी सुविधा प्राप्त हो सके।

हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र की ओर से एक सप्ताह तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में गढ़वाल के लोकप्रिय लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी का योगदान विषय पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 75 से अधिक कलाकारों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का दूसरा उद्देश्य , उत्तराखंड की कलाकारों को लोकगीतों एवं लोक संगीत की बारियों को समझना भी था। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह नेगी की विभिन्न विधाओं पर लिखी किताबें , गीतों , कविताओं , चल चित्रों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही एक व्याख्यान माला भी आयोजित की गई।

अल्मोड़ा

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने क्वारब पहुंचकर स्लाइड जोन के सुधारीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से सुधारात्मक कार्यों की प्रगति और अवशेष कार्यों की  विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों को तेजी से किया जाए साथ ही कार्यरत मजदूरों और मशीन ऑपरेटर्स की सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सड़क अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए बहुत महत्वपूर्ण मार्ग है, इसलिए इस सड़क की महत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- बद्रीनाथ धाम के कपाट विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा –चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।
- उप–राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने ऋषिकेश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के 6वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की।
- रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं।